आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

दैनिक

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 178 | छतरपुर, शुक्रवार 24 जनवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## कलेक्टर की अध्यक्षता में राशन वितरण प्रणाली की समीक्षा बैठक सम्पन्न

-कलेक्टर ने हर माह शतप्रतिशत राशन वितरण के दिए निर्देश

-दुकान विक्रेताओं को ग्राहकों के शतप्रतिशत ई केवायसी कराने के निर्देश

-अधिकारियों को राशन दुकानों का निरीक्षण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा गुरुवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा की गई। बैठक में डीएसओ सहित समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं जिला प्रबंधक वेयरहाउस एवं मध्य प्रदेश स्टेट से सप्लाई कॉरपोरेशन तथा सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जनवरी माह 2025 के वितरण की समीक्षा की गई। जिसमें बैठक की दिनांक तक 82 प्रतिशत परिवारों को राशन वितरण पाया गया। कलेक्टर ने शेष वितरण 31 जनवरी तक करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जनवरी का लिफ्टिंग शतप्रतिशत कर लिया गया है तथा वर्तमान में फरवरी के उठाव की समीक्षा की। कलेक्टर ने दुकान विक्रेता द्वारा मोबाइल सीडिंग एवं ई-केवाईसी एवं परिवार सत्यापन की भी समीक्षा की गई। जिसमें जिले में मोबाइल सीडिंग 96 प्रतिशत एवं ई केवाईसी 64 प्रतिशत किया जाना पाया गया। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी सप्ताह में केवाईसी की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि दुकानों की सघन जांच करें। साथ ही शासन के निर्देश अनुसार स्टॉक वेरिफिकेशन का इंस्पेक्शन नोट बनाकर कर प्रस्तुत करें। इसके अलावा दुकानों में पहुंचकर विक्रेता के साथ-साथ उपभोक्ताओं से भी बात करें और कितना राशन मिला तथा फिंगर कितने का लगाया और कितना राशन वितरण किया गया आदि समीक्षा की गई।

## मूलचन्द की हत्या करने वाला हत्यारा गिरफ्तार

### एसपी ने घोषित किया था पांच हजार का इनाम

छतरपुर। दिनांक 17 जनवरी 2025 के प्रात: थाना ओरछा रोड पुलिस को टीपी नगर में एक मृत व्यक्ति के शव होने की सूचना प्राप्त हुई, पुलिस टीम शीघ्र मौके पर पहुंची, घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, मृत व्यक्ति मूलचंद के रूप में पहचान की गई। शव पोस्टमार्टम हेतु चिकित्सालय भेजा गया। थाना ओरछा रोड में एकत्रित साक्ष्य, परिजन के कथन के आधार पर हत्या करने वाले अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया था।



पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में आवागमन करने वाले व्यक्तियों की जानकारी एकत्र की गयी, मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। अज्ञात आरोपी की हर संभावित स्थानों में निरंतर तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन ने हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 5000 इनाम की उद्घोषणा की थी। पुलिस ने संदेही से पूछताछ की, हत्या का अपराध करना स्वीकार किय थाना ओरछा रोड पुलिस ने हत्या के आरोपी 5000 के इनामी बबलू मिस्त्री निवासी नारायणपुरा छतरपुर को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप बरामद किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश कर जेल भेजा जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ओरछा रोड उप निरीक्षक दीपक यादव, सहायक उप निरीक्षक शिशुपाल, सुरेश कुमार, प्रधान आरक्षक दाताराम, हितेंद्र, राजेश, महेंद्र यादव, राकेश, सूरज, तरुण विश्वकर्मा, आरक्षक रविंद्र सत्यम एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

## क्रेटा कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत दो घायल

छतरपुर। राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुटने डैम के पास एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार क्रेटा कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में 32 वर्षीय बृजकिशोर अवस्थी की मौत हो गई, जबकि उनकी 60 वर्षीय मां सीता और 3 वर्षीय बेटा सक्षम घायल हैं।



जानकारी के अनुसार बाईक पर सवार बृजकिशोर अपनी मां और बेटे के साथ किशनपुर तिगैला में भंडारे में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। कुटने डैम के पास क्रेटा कार के चालक ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी। घायलों को पहले राजनगर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बृजकिशोर और उनकी मां को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया।

जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही बृजकिशोर ने दम तोड़ दिया। बृजकिशोर अतर्रा गांव के निवासी थे और एक प्राइवेट एजेंसी में काम करते थे। उनकी मां सीता का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। राजनगर थाना प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया।

## कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य की दुकानों की जांच के लिए निरीक्षण रोस्टर किया निर्धारित

### अनियमितताएं पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी प्रस्तावित

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सुदृढ व्यवस्था के लिए म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के अनुक्रम में छतरपुर जिले में स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकानों की जांच के लिए निरीक्षण रोस्टर निर्धारित किया है। रोस्टर में अंकित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित प्रत्येक शासकीय उचित मूल्य दुकान की 3 माह में एक बार जांच कर जांच का प्रतिवेदन कलेक्ट्रेट कार्यालय को आगामी माह की 05 तारीख तक अनिवार्यत: उपलब्ध कराएंगे एवं निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाई जाने पर इसका पृथक से प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख करते हुए उसके विरुद्ध की जाने वाली कार्यवाही भी प्रस्तावित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान दुकान से संलग्न पात्रता पर्ची धारियों से सम्पर्क कर विभिन्न श्रेणी के तहत चिन्हित हितग्राहियों के कम से कम पांच-पांच कथन भी लिपिबद्ध करेंगे। साथ ही दुकान से संलग्न पात्र परिवारों की मोबाईल सीडिंग एवं पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी शत प्रतिशत कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## तेज रफ्तार बाइक नहर में गिरी, एक की मौत, दो गंभीर



रामटौरिया। छतरपुर जिले के बमनौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अबार माता रोड पर हरपुरा के पास से निकली नहर में एक बाइक अनियंत्रित होकर जा गिरी जिससे मौके पर ही बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना गुरुवार की सुबह लगभग 11बजे की बताई जा रही है।

अबार माता मार्ग पर हरपुरा गांव के समीप निकली नहर में बिना नंबर प्लेट की अपाचे गाड़ी तेज रफ्तार से ग्राम हसरी से बमनौरा की ओर जा रही थी तेज रफ्तार होने के कारण बाईक अनियंत्रित होकर नजर में जा गिरी जिसमें एक व्यक्ति शैलेन्द्र यादव पिता मनीराम यादव 20 वर्ष ग्राम बकरेला थाना बिजावर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के बाद ग्रामीणों की मदद से घायलों को उपस्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पीएम के लिए भेजा है।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में पूर्व छात्र मिलन समारोह

## समाज एवं राष्ट्र का विकास कैसे हो, यह हमारा चिंतन हो- महेश अग्रवाल जिला सचिव




राजेश बबेले

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के उपलक्ष में समाज सुधार एवं राष्ट्र हित, संस्कार शिक्षा, विद्यालय की उन्नति, शैक्षणिक गतिविधि में उन्नयन, राष्ट्र में क्या हो रहा है इसके मनन चिंतन के लिए पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन मां सरस्वती जी के पूजन अर्चन से प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 20 स्व पोषित पूर्व छात्र भैया बहिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व छात्र बहन डॉक्टर शालिनी गुप्ता जेल मार्ग रीवा ने बताया कि शिशु मंदिर जैसी शिक्षा किसी भी विद्यालय में नहीं दी जाती है। विशिष्ट अतिथि एमपीपीएससी में परिवहन विभाग में उप निरीक्षक पद पर चयनित पूर्व छात्र भैया विवेक ठाकुर ने बताया कि इस उपलब्धि में पूरा श्रेय शिशु मंदिर को जाता है शिशु मंदिर अन्य स्कूलों से भिन्न है। मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि मोह रूपी अंधकार से, प्रकाश रूपी ज्ञान की ओर गुरु ले जाते हैं। संस्कार आशीष प्रदान करते हैं। जिससे हमें सब कुछ मिला है। जिला सचिव महेश अग्रवाल ने सुभाष चंद्र बोस जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज का, राष्ट्र का विकास कैसे हो यह हमारा चिंतन होना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री जी के पास आध्यात्मिक ज्ञान है। जिन्होंने कुंभ मैनेजमेंट में 305 करोड लोगों की व्यवस्था की है। योगी जी एवं मोदी जी ने ग्रंथो का गहन अध्ययन किया जिसके द्वारा ही मैनेजमेंट किया जा सकता है। आज का परिवर्तन ज्ञान की शक्ति है। यह हमारे प्रेरणा का स्त्रोत है। रामायण पाठ के कारण लोगों का जीवन सफल होता है। महाभारत से विजय प्राप्त होती है। तथा निर्णय लेना व्यावहारिक रूप से बताया गया है। विभाग समन्वयक राजकुमार ठाकुर ने बताया कि सागर से 2022 में 10 भैया बहन एमपीपीएससी में स्थान बनाकर उच्च पदों पर चयनित हुए हैं। बीना से भैया शिवम दिक्षित नायब तहसीलदार, विवेक ठाकुर आरटीओ के पद पर चयनित हुए हैं। अतिथि परिचय एवं मंच संचालन भगत सिंह वार्ड विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र तिवारी द्वारा एवं स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य शरद पटेल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में भैया सुरेंद्र राय, बहन कावेरी पटेल, अमित ताम्रकार ,नारायण सिंह परमार ने समाज सुधार, राष्ट्रहित एवं संस्कार शिक्षा पर अपनी-अपने-अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय परिवार एवं समिति की ओर से भैया विवेक ठाकुर को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। अंत में अतिथियों का आभार विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुडोतिया द्वारा व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में बहन किरण ठाकुर, महेश दत्त तिवारी, आदित्य रंजन जैन, यशवंतराव आठले, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर, समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

# सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमें साहस और संकल्प की शिक्षा देता है आज के युवा उनके आदर्शो को अपनाकर देश को आगे बढ़ा सकते हैं-श्री मिश्रा

## डीएवी बीआर स्कूल में पराक्रम दिवस समारोह का भव्य आयोजित

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/डीएवी बीआर स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प और चंदन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए पराक्रम दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नेताजी के अदम्य साहस, त्याग और देशभक्ति को प्रेरणास्रोत बताते हुए बच्चों को उनके संदेशों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमें साहस और संकल्प की शिक्षा देता है। आज के युवा उनके आदर्शों को अपनाकर देश को आगे बढ़ा सकते हैं।




कार्यक्रम के दौरान, छात्रों ने जय हिंद और अन्य देशभक्ति से जुड़े नारे उत्साहपूर्वक दोहराए। यह दृश्य न केवल देशभक्ति का संदेश देता था, बल्कि छात्रों के बीच नेताजी के आदर्शों के प्रति एकता और सम्मान की भावना भी उत्पन्न करता था इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षकगण और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस आयोजन ने सभी में देशभक्ति और प्रेरणा का संचार किया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन मे न करें लापरवाही - सीईओ

## समीक्षा बैठक मे अनुपस्थित नारायण सिंह सहित 5 सचिवों को श्री राजावत ने जारी किए नोटिस

प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। जिला कलेक्टर पार्थ जायसवाल व जिला पंचायत सीईओ तपस्या सिंह परिहार के दिशा निर्देशन मे स्थानीय जनपद सभागार मे बीते रोज जनपद सीईओ गोविन्द सिंह राजावत द्वारा जनपद क्षेत्र की सभी 73 ग्राम पंचायतों के सचिवों व सहायक सचिवों की बैठक आयोजित की गई। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित मे संचालित आयुष्मान कार्ड, वृद्धा पेंशन, कल्याणी पेंशन, ईकेवाईसी, श्रम कार्ड, संबल कार्ड, पीएम आवास सहित तमाम योजनाओं की समीक्षा को लेकर आयोजित इस बैठक मे श्री राजावत ने पंचायतवार संबंधित सचिव व सहायक सचिवों से उनकी पंचायत मे समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर क्रमशः विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान संबंधित पंचायत कर्मियों द्वारा संतोषजनक जानकारी न देने पर सीईओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि योजनाओं को लेकर आप लोगों के द्वारा की जा रही लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं की जावेगी।




उक्त समीक्षा बैठक मे बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर मिश्रनपुरवा सचिव नारायण सिंह, भईयाराम केवट सरवई, अमर सिंह चंद्रपुरा, धर्मपाल पटेल कन्देला व जरेंहटा सचिव भवानीदीन भुर्जी के विरुद्ध नोटिस जारी कर उनकी 7-7 दिवस की वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। सीईओ श्री राजावत की इस कार्यवाही से जनपद के समस्त कर्मचारियों मे हड़कंप की स्थिति बनी हुई है बैठक मे जनपद सीईओ गोविन्द सिंह राजावत, एसडीओ मधु प्रजापति, एपीओ जोगेंद्र निगम, श्री वर्मा, श्री सक्सेना, सुनील दीक्षित, सुरेश तिवारी, नरेन्द्र राय, सूरा अहिरवार, दिलीप सिंह, चक्रपाणी तिवारी, सोनू सिंह, केडी शुक्ला सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# महमूद खान को मैन ऑफ दी सीरीज, बकस्वाहा में डिपार्टमेंटल संभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन

## खेल आत्मविश्वास और टीम भावना को भी बढ़ाते हैं - संदीप खरे लल्ला





विनोद कुमार जैन

*परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा- बकस्वाहा के खेल मैदान में आयोजित डिपार्टमेंटल संभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन अत्यंत शानदार तरीके से हुआ। इस दौरान छतरपुर टीम के महमूद खान को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ दी सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन समारोह में मंडल अध्यक्ष संदीप खरे ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी दी और सभी खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत को सराहा।*

समापन समारोह में मंडल अध्यक्ष संदीप खरे लल्ला ने कहा, खेल केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं होते, बल्कि ये आत्मविश्वास और टीम भावना को भी बढ़ाते हैं। खिलाड़ियों को हमेशा अपनी मेहनत में सुधार की दिशा में प्रयास करते रहना चाहिए, ताकि वे हर अगले अवसर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सराहा और आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

पूर्व जनपद अध्यक्ष भाजपा अभय फट्टा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बधाई दी और हार-जीत को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा, हार हमें यह सिखाती है कि कहीं न कहीं हमारी तैयारी में कमी रह गई है, जिसे अगले प्रयास में सुधारने का मौका मिलता है। जीत से हमें आत्मविश्वास मिलता है, लेकिन हार हमें निरंतर सुधार की दिशा दिखाती है।

जिला कीड़ा अधिकारी प्रशांत त्रिवेदी ने टूर्नामेंट के आयोजन के लिए संभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह हमारे जिले के लिए गर्व की बात है कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दूसरी बार किया जा रहा है। मैं संभागीय अधिकारियों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इस आयोजन को संभव बनाया और जिले में खेलों के प्रति उत्साह को बढ़ाया।

समापन समारोह में निर्णायक के रूप में देवी सिंह राजपूत व्यायाम शिक्षक, मनोज प्रजापति, अतुल विश्वकर्मा, शैलेंद्र सिंह और राहुल यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही मैच का आंखों देखा हाल वरिष्ठ पत्रकार मुकेश रावत, धीरज चौबे, भूपेंद्र सेन और प्रीतम भदौरिया ने प्रस्तुत किया, जिन्होंने दर्शकों को खेल की महत्वपूर्ण घटनाओं और खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बारे में विस्तार से बताया।

समापन कार्यक्रम में लायंस क्लब के सभी सदस्य और शिक्षा विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष श्रीराम चौरसिया, शिक्षा विभाग के उप शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार शर्मा, शिक्षक कृष्ण कुमार दुवे. महेंद्र नापित महामंत्री किसान मोर्चा .प्रियांशु रावत महामंत्री युवा मोर्चा अभिषेक पटेल सोनू यादव सहित अन्य कई प्रमुख लोग मौजूद रहे, जिन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया।

आयोजन के आंखो देखा हाल सुनाने बाले प्रीतम भदौरिया ने कहा इस आयोजन ने न केवल छतरपुर जिले के खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान किया, बल्कि जिले में खेलों के प्रति जागरूकता और उत्साह को भी बढ़ावा दिया। ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को नई दिशा और उत्साह प्रदान करते हैं, जिससे खेल भावना और सहनशीलता का प्रचार होता है।

# सभी सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों की प्रतिदिन सफाई कर स्वच्छ रखें, सभी अधिकारी, कर्मचारी समन्वय बनाकर कार्य करें- निगमायुक्त




परिहार गर्जना न्यूज। सागर। स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता के लिए अब समय कम है इसलिए 2 माह तक सभी स्वच्छता निरीक्षक,जोन प्रभारी, सफाई दरोगा एवं सभी इंजीनियर अपने-अपने वार्ड में पूरी मेहनत से साफ-सफाई व स्वच्छता के कार्यों को पूर्ण करें, कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो अन्यथा संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, बाजार ,योजना एवं लोक कर्म विभाग की बैठक में दिए।

निगमायुक्त ने कहा कि सभी जोन प्रभारी यह ध्यान रखें कि उनके वार्ड में एक भी शौचालय गंदा न हो, स्वच्छता के जो भी कार्य शेष हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण करें। कचरा संग्रहण हेतु रेमकी अपने कार्यप्रणाली में सुधार करें और वार्डों से शत-प्रतिशत कचड़ा संग्रहित करें। निगमायुक्त ने कहा कि शहर में किसी भी स्थान पर सी एंड डी वेस्ट ( भवन विध्वंस सामग्री) पड़ी न रहे इसके लिए एक सप्ताह तक लगातार कार्य करें और किए जा रहे कार्य के फोटोग्राफ भेजें। स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरुकता एवं व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए काम करें जिससे शहर में बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी गार्बेज फ्री सिटी एवं वाटर प्लस के कार्य पूर्ण करें जिन स्थानों पर वालपेंटिग होना है उसे शीघ्र पूर्ण कराएं,जिससे कहीं भी कहीं भी गंदगी न दिखे । अगर किसी भी वार्ड में सड़कों पर पानी बहता हुआ मिला तो संबंधित वार्ड के इंजीनियर एवं सफाई दरोगा के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने कहा कि गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई करें तथा स्वच्छ सर्वेक्षण में सभी अधिकारी, कर्मचारी समन्वय बनाकर कार्य करें । सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग करने पर चालानी कार्रवाई करें।

महापुरुषों की प्रतिमाओं की धुलाई एवं साफ-सफाई करने के निर्देश- निगमायुक्त ने गणतंत्र दिवस पर शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं की अच्छी तरह से धुलाई करने ,परिसर की साफ-सफाई व चूना डालने के निर्देश दिए। बैठक में उपयुक्त श्रीमती हेमलता पटेल, एस एस बघेल,कार्यपालन यंत्री विजय दुबे, पूरनलाल अहिरवार, सहायक यंत्री संजय तिवारी, सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु,शईदउद्दीन कुरैशी, सभी इंजीनियर, जोन प्रभारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# वीर बाल दिवस टेनिस बॉल क्रिकेट मैच ग्यागंज और आई टी आई के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। वीर बाल दिवस टेनिस बॉल क्रिकेट पर प्रतियोगिता के दौरान गुरुवार को तीन मुकाबले हुए पहला मैच ग्यागंज और आई टी आई के बीच हुआ जिसमें ग्यागंज ने 10 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाएं जवाब में आई टी आई की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर 8.4 ओवर में आसानी से लक्ष्य हासिल किया इस मैच में मैन ऑफ द मैच रवि कुमार रहे शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया दूसरा मैच बी आर क्लब और देवरी टीम बीच हुआ जिसमें बी आर क्लब की पूरी टीम 78 रनों पर ढेर हो गई देवरी के गेंदबाज संजू ने टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक बनाई जवाब में देवरी की टीम ने आसानी से 4.4 ओवर में लक्ष्य हासिल किया मैन ऑफ द मैच संजू रहे तीसरा मैच देवरी और विशुद्धि के बीच हुआ जिसमें विशुद्धि क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 103 रन बनाए जवाब में देवरी की टीम ने 6.4 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य को आसानी से हासिल किया मैन ऑफ़ दा मैच साहिल बुंदेला रहे आज के मैच में मुख्य अतिथि के रूप में अमित यादव शंकर यादव अमरदीप जैन राजकमल केसरवानी गोल्डी केसरवानी श्याम सुंदर मिश्रा संदीप कुशवाह एवं निखिल चौकसे रहे आयोजक नोनू सरदार गौरव खटीक तरु सिंह भाटिया विशाल तोमर देव कुमार तिवारी शैलेंद्र तोमर दविंदर भाटिया समीर खान संजय राजा परमार गुफरान पतंग रोशु सरदार ने स्मृति चिन्ह देकर सभी अतिथियों को सम्मानित किया जानकारी मीडिया प्रभारी सोनू चौहान नासिर मकरानी ने दी।

# आनंद उत्सव 2025 के तहत् आयोजित की जा रहीं विभिन्न गतिविधियां

## आनंद विभाग मप्र द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है आनंद उत्सव

परिहार गर्जना न्यूज। खुरई। आनंद विभाग मप्र शासन के आदेशानुसार निकाय क्षेत्र खुरई में आनंद उत्सव 2025 के अंतर्गत विभिन्न तरह की प्रतियोगी गतिविधियां जिनमें लेखन,चित्रकला,दीवार लेखन,रंगोली,प्रतियोगिताओं सहित स्थानीय स्तर के कई कार्यक्रम जैसे लोकगीत,भजन,खेलकूद आदि की गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं!




मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले ने बताया की आनंद विभाग मप्र शासन के आदेशानुसार हमारे निकाय क्षेत्र में भी स्थानीय नागरिकों के लिए आनंद उत्सव 2025 का संचालन किया जा रहा है,कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में आनंद का संचार करना है,इस क्रम में नगर पालिका की आईईसी टीम द्वारा नगर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है,जिनमें लेखन, चित्रकला, दीवार लेखन, रंगोली,भजन गायन,खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं,14 जनवरी मकर संक्रांति से 28 जनवरी 2025 तक चलने वाले इस इस विशेष कार्यक्रम में स्थानीय लोगों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को करवाकर नागरिकों में खुशी एवं आनंद का संचार करना है,हमारी टीम द्वारा निकाय के विभिन्न स्थलों पर इस तरह के आयोजन संचालित किए जा रहे हैं,साथ ही स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी, नेकी की दीवार के माध्यम से जरूरतमंदों को कपड़ों आदि का वितरण किया जा रहा है!

# जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष के रूप में राजकुमार पचौरी के दो वर्ष पूरे, भजन मंडलियो को भजन सामग्री प्रदान की गई

**-जय बापू जय भीम जय संबिधान रैली में के लिए न्योता दिया**

**-नेताजी सुभाष चंद वोस को श्रद्धांजली अर्पित की गई**

**-भाजपा नेता ताकत के नशे में चूर होकर महापुरुषों का अपमान रहे हैं -राजकुमार पचौरी**

**-हमे अपने देवता के अपमान का बदला लेते के लिए 27 जनवरी को महू चलना हैं-सुनील बोरसे**

परिहार गर्जना न्यूज। सागर /आज जिला कॉंग्रेस कमेटी शहर द्वारा काकागंज वार्ड में महिलाओ की नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सभा में महिलाओ ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी के दो वर्ष पूरे होने पर अभिनन्दन किया। श्री पचौरी द्वारा अलग अलग भजन मंडलियो को सामग्री प्रदान की।उन्होंने दो वर्षों में कांग्रेस जनों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने कहा कि 27 जनवरी को बाबा साहब की जन्मस्थली पर कांग्रेस की विशाल रैली आयोजित की गई हैं,हमें यह कार्यक्रम क्यों करना पद रहा है क्योंकि आज भाजपा के नेता गण इतने ताकत के नशे में चूर हो गए कि हमारे ही महापुरुषों का अपमान करने लगे। अम्बेडकर जी का अपमान कर इन्होने अपनी खाई खुद खोद ली हैं।

जिला कांग्रेस के सह प्रभारी सुनील बोरसे ने कहा की आजादी के पूर्व महिलाओ की स्थिति समाज में अच्छी नहीं थी,जिन्हे सती बनाकर जला दिया जाता था,उन्हें बराबरी का अधिकार कांग्रेस




पार्टी और बाबा साहब अम्बेडकर के बनाए संबिधान ने दिया हैं।महिलाओ को बराबर का अधिकार दिए जाने का हिन्दू कोड बिल का विरोध करने बाले आज जो सत्ता में बैठे हैं, इन्होने ही किया था। एक माँ ही अपने बच्चों को संस्कार देती हैं उन्हें अपने देश के महापुरुषों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। अमित शाह हमारे भगवान को गाली देता हैं हमे अपने देवता के अपमान का बदला लेते के लिए महू चलना हैं। बाबा साहब ने हमें वोट का अधिकार दिया और हमने उस अधिकार को भाजपा को भेज दिया।

प्रदेश कांग्रेस महामंत्री रेखा चौधरी ने कहा कि डॉ अम्बेडकर हमारे भगवान हैं, हमारे अपने भगवान का अपमान सहन नहीं करेंगे, प्रत्येक घर से महिलाए 27 जनवरी को महू चले। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री माधवी चौधरी,पार्षद नीलोफर चमन अंसारी, किरणलता सोनी, रेखा सोनी ने भी सभा को सम्बोधित किया । सभा का कुशल संचालन सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष महेश जाटव ने किया।

# वाणी जब जब मन से मिलकर चली है तो राम, महावीर, और कृष्ण जैसे तीर्थ राज पैदा हुए है - मुनि मेघ दत्त सागर

गढाकोटा। जैन मुनि मेघ दत्त सागर जी महाराज एवं श्री 108 वृषभ दत्त सागर जी मुनि महाराज का पथरिया से विहार करते हुए शाम को गढाकोटा नगर के पथरिया रोड स्थित शांति नाथ जैन मन्दिर मे आग मन हुआ। एवं समाज ने आगवानी की।सचिन बेशखिया,विक्की प्रवक्ता,अशोक छुलला,पारस गुंजोरा, लालू चौका,अमित करंदा,पंडित बालचंद सिमरिया,मनीष कम्प्यूटर,सौरभ बरपानी अशोक मील, अरिहन्त उमरा हीरु आदि समाज के सभी माता बहनो एवं पाठ शाला के सभी सदस्यो और बच्चों ने मुनि संघ की गाजे बाजे और रंगोली सजाई गई।जगह जगह पैर धुलकर आशीर्वाद लिया। मुनि मेघ दत्त सागर ने धर्म सभा मे कहा कि हम ये कहे भगवांन कर्म करेगा तो तुम क्या करोगे।कठोर वाणी से महा भारत होती है और मीठी वाणी से रामायण पैदा होती है।वाणी जब जब मन से मिलकर चली है तो राम, महावीर, और कृष्ण जैसे तीर्थ राज पैदा हुए है। संयम मोक्ष के द्वार है।स्वर्ग मे देव हो जाते है।मुक्ति है या नही बताए।तीन द्रव्य मुक्ति, भाव मुक्ति, जीवन मुक्ति तीन प्रकार की होती है। जियो और जीने दो को चरितार्थ किया है भगवान महावीर हो गए।पंचशील के सिध्दान्त है। अमेरिका जाने के लिए वीजा बनवाना पड़ता है।श्रवक के बारह गुड़ होते है।गुरु की पूजा करना है, मुनि आर्यिका का पड़गहन और आहार चर्या करवान आचार्य 108 निर्भय सागर जी महाराज जी के परम शिष्य 108 श्री मेघ दत्त सागर जी एवं श्री 108 वृषभ दत्त सागर जी मुनिराज का आज दोपहर बस स्टैंड पथरिया रोड पहुंचकर बिहार में सम्मिलित होकर पुण्य संचित करें। प्रवक्ता विक्की जैन ने बताया की मुनि संघ आज सांय विहार करके नजयाई मन्दिर मे श्री दर्शन किया।और रात्रि विश्राम बड़े जैन मन्दिर धर्म शाला मे करेंगे।प्रात: काल अभी शेक् पूजन, शांति धारा और मंगल प्रवचन होंगे।सुबह आहार चर्या हुई। दोपहर मे समायिक होगा।चौधरी जैन मन्दिर मे जाएंगे।पटेरिया सिध्द क्षेत्र के दर्शन भी करने जाएंगे।

# व्यापारी की दुकान का चटकाया अज्ञात चोरों ने ताला, हजारों की चोरी

## मंडी की सुरक्षा पर उठे एक बार फिर सवाल, तीन दिन में नहीं लगा सुराग

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। स्थानीय गल्ला मण्डी टीकमगढ़ में एक प्रतिष्ठान के तीन दिन पहले ताले चटके होने की खबर आग की तरह सारे शहर में फैल गई। हजारों की चोरी होने की खबर को लेकर व्यापारियों में भी नाराजगी बनी हुई है। व्यापारियों ने मंडी की सुरक्षा पर सवाल खड़े करते हुए अज्ञात चोरों का सुराग लगाने की मांग की है। इस संबन्ध में पुलिस प्रशासन ने उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। यहां बता दें कि मंडी इलाके में सेंधमारी करने के लिए अधिकांश अज्ञात चोर फिराक में बनें रहते हैं और मौका लगते ही हजारों पर हाथ साफ करते हैं। घटना के तीन दिन बाद भी आरोपियों का सुराग न लगने पर व्यापारियों ने चिंता जताई है। बताया गया है कि नगर के अनाज, दलहन, तिलहन, महुआ, फूल के थोक व्यापारी एवं कमीशन एजेन्ट देवेन्द्र कुमार यादव ने घटना की रिपोर्ट घटना दिनांक को ही दर्ज कराई थी। नगर निरीक्षक पंकज शर्मा सहित पुलिस बल द्वारा मौके का मुआयाना करने के साथ ही आरोपियों की खोजबीन की जा रही है। प्रभारी अधिकारी कोतवाली टीकमगढ़ को की गई रिपोर्ट में व्यापारी देवेन्द्र यादव ने बताया है कि अज्ञात चोरों द्वारा मंडी प्रागण में स्थित दुकान में चोरी कर लगभग बीस हजार रूपए की चोरी कर ली है। बताया गया है कि 20 जनवरी 2025 एवं 21 जनवरी की दरम्यानी रात्रि में मेरी दुकान के ताले तोड़ कर अलवारी का ताला तोड़ने के बाद अज्ञात चोर अलमारी में रखे लगभग बीस हजार रूपए चोरी कर ले गए। श्री यादव ने बताया कि वह हर रोज की तरह रखे पुटकर खर्च हेतु लेवर, गाड़ी भाडा हेतु 20 हजार रूपए रखे हुए थे, जिन्हें अज्ञात चोर चोरी कर ले गयें। उन्हेंने नगर निरीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में अज्ञात चोरों का पता लगाने और चोरी की गई राशि वापिस दिलाने की मांग की है। बताया गया है कि इस संबन्ध में पुलिस द्वारा संदिग्ध आरोपियों के ठिकानों पर दविश दी जा रही है। इसके साथ ही सीटीव्ही आदि खंगाले जा रहे हैं। बताया गया है कि आरोपी का चेहरा एक सीसीटीव्ही में भी कैद हुआ है, जो प्रतिष्ठान का ताला तोड़ने या खोलने का प्रयास कर रहा है। मंडी की सुरक्षा के लिए व्यापारियों ने मंडी प्रबंधन से ठोस कदम उठाए जाने पर जोर दिया है।



नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ के द्वारा नगर में-

# आनंद उत्सव में किया कवियों का सम्मान, हुए खेल




परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर अवधेश शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में 14 से 28 जनवरी तक चलाये जा रहे आनंद महोत्सव के दौरान आज नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ सीएमओ रामस्वरूप पटैरिया के निर्देशन में राजमहल में आनंद महोत्सव का आयोजन करवाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के पारम्परिक खेल जैसे- काउंटिंग गेम, नींबू-चम्मच रेस, चेयर रेस, खो-खो खेलों का आयोजन करवाया गया, जिसमें नगर की महिलाओं ने उक्त खेलों में भाग लेकर खेल खेले एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी में वरिष्ठ कविजन आरपी तिवारी, हरेंद्र सिंह, पूरन चंद्र गुप्ता, मीनू गुप्ता एवं महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विभिन्न खेलों के माध्यम से प्रतिभागिता कराई गई एवं पुरस्कार वितरण किया गया एवं उपस्थित सभी कवि जनों का सम्मान कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर आनंदम टीम से नितिन कुमार बबेले, मास्टर ट्रेनर रविंद्र यादव एवं नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ से जेबा मंसूरी, गिरीश सोनी, शिखा असाटी, दीपिका शर्मा, आयुषी सोनी अन्य समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 10 लाख की लागत से बना दर्शक दीर्घा हुआ लोकार्पण

## देवरदा क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन मुख्य अतिथि रही विधायक गौर




परिहार गर्जना न्यूज। बल्देवगढ़ - बल्देवगढ़ ब्लॉक के ग्राम देवरदा में स्वर्गीय सोनूयादव की स्मृति में 10 लाख की लागत से दर्शक दीर्घा बनाया गया जिसकी अध्यक्षता टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह जी ने की वही लोकार्पण खरगापुर विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने किया साथ ही देवरदा में स्वर्गीय श्री दशरथ सिंह जू देव एवं स्वर्गीय सोनूयादव की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का 22 वा आयोजन किया जा रहा था जिसका आज समापन हुआ जिसमें मुख्यअतिथि खरगापुर विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर एवं टीकमगढ़ विधायक दादा यादवेंद्र सिंह रहे वही आज का फाइनल मैच सागर और छतरपुर के मध्य खेला गया वही सागर टीम ने 16 ओवर के मैच में 209 रन का लक्ष्य दिया वही छतरपुर टीम 11 ओवर में आल आउट हो गई और सागर ने 100 रन से मैच जीत लिया इसी मौके पर चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने कहा कि क्रिकेट 1 लोकप्रिय खेल है जिसमें 1 टीम जीतती है और 1 टीम हारती है लेकिन हार से घबराना नहीं चाहिए हार से सीखने की आवश्यकता होती है कि हमने गलती कहा कि बही ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों के जो बच्चों में खेलो के प्रति जो प्रतिभाएं छिपी होती है वह सामने निकल कर सामने आती है और जिसमें खिलाड़ी अच्छा खेलने है और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते है वहीं उन्होंने बोला कि खेल के साथ शिक्षा भी जरूरी है सभी बच्चे मन लगा कर पढ़े और आगे बढ़े वही उन्होंने बोला कि हमारे द्वारा विकास कार्यो में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी उन्होंने बोला कि अभी दर्शक दीर्घा दिया गया है और जो भी जनता को जरूरत होगी वह कार्य भी आगे किया जाएगा साथ हो उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया वहीं इस मौके पर टीकमगढ़ विधायक दादा यादवेंद्र सिंह , बल्देवगढ़ , एस,डी,एम, भारती मिश्रा, सूर्य प्रकाश मिश्रा,सुरेंद्र यादव ,क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक रविन्द्र सिंह ,पुष्पेंद्र सिंह ,दुष्यंत सिंह राजपूत, सोनू यादव ,अंकित कश्यप,आकाश तिवारी,पुष्पेंद्र यादव,मुन्ना मिश्रा,एवं हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे!

# सम्मेलन: पत्रकारों के हितों के लिए सात सूत्रीय मांगों पर दिया जोर

## पत्रकार प्रदीप खरे को मिला संवाद वीर पुरस्कार, दी बधाईयां



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। मध्य प्रदेश की तीर्थ स्थली उज्जैन में बीते रोज प्रांतीय सम्मेलन में पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए सात सूत्रीय मुद्दे उठाए गए, जिनको पूरा कराने के लिए हर संभव संघर्ष का एलान किया गया। यह सम्मेलन स्वतंत्रता संग्राम सैनानी नब्बे वर्षीय प्रेम नारायण नागर के मुख्य आतिथ्य एवं पत्रकार प्रदीप खरे, अर्जुन सिंह चंदेल, अल्ताफ मंसूरी के विशेष आतिथ्य में किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व सांसद सत्य नारायण पवार ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा के नियंत्रक केसी यादव ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा अधिनियम लागू कराने में किसी प्रकार की कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश अधिमान्य समिति में सभी पत्रकार संगठनों के दो-दो सदस्य शामिल किए जाएं, जिससे पत्रकारों को उचित न्याय मिल सके। पत्रकार कल्याण योजना में अधिमान्यता की शर्त को समाप्त किया जाए, जिससे ग्रामीण इलाकों के गरीब गैर अधिमान्य पत्रकारों को भी योजना का लाभ मिल सके। श्री यादव ने कहा कि सभी विधाओं के शहरी एवं ग्रामीण पत्रकारों का पंजीयन जिला जन संपर्क कार्यालय में किया जाए, जिससे ग्रामीण पत्रकारों को भी सूची से वंचित न रहना पड़े। देखा जा रहा है कि ग्रामीण पत्रकारों की सुरक्षा एवं सुविधाएं दोनों उन तक नहीं पहुंच रही हैं। इस अवसर पर विशेष अतिथि पत्रकार प्रदीप खरे ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारों की सुविधाओं को लगातार अनदेखा किया जाता रहा है। उनकी सुरक्षा के लिए विशेष कानून लाए जाने की जरूरत है, जिससे वह सत्य को बेबाकी से लिख सकें। ग्रामीण पत्रकारों को असुरक्षा के बीच पत्रकारिता करने में कई प्रकार के जोखिम उठाना पड़ते हैं। उन्होंने एनजेएफआई द्वारा अब तक किए गए संघर्ष और पत्रकारों के हितों में उठाए गए कदमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री केसी यादव जी ने लगातार संघर्ष कर पत्रकारों के मुद्दों को उठाया और सुविधाएं उपलब्ध कराई। इस अवसर पर अतिथियों ने भी पत्रकारों की समस्याओं को दूर करने के लिए उठाई गई मांगों को पूरा करने पर जोर दिया। सम्मेलन का संचालन अरविंद जैन ने किया और आभार व्यक्त संगठन के नियंत्रक केसी यादव ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। बताया गया है कि टीकमगढ़ से शामिल हुए पत्रकार प्रदीप खरे को संवाद वीर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री खरे को यह सम्मान दिए जाने पर नगर के पत्रकारों ने खुशी जाहिर करते हुए पत्रकार श्री खरे को बधाईयां दी हैं। बधाई देने वालों में पत्रकार जितेन्द्र सौनकिया, नरेन्द्र अड़जरिया, आरबी सिंह, श्रीपाल नायक, अफसर खान, रघुवीर सहाय पस्तोर, अभय मोर, सूर्य प्रकाश गोस्वामी, वीरेन्द्र त्रिपाठी, राजीव रावत, सुबोध पाठक, परशुराम प्रभाकर, अकरम खान, मेहबूब खान, आमिर खान, मुकेश सेन, जमील खान, गिरीश खरे, अवधेश वर्मा, हरिश्चन्द्र यादव, अखंड प्रताप यादव, सोनू विश्वकर्मा, लोकेन्द्र सिंह, समीर खान, विकास राय, राकेश सोनी, बालचंद शुक्ला, शेख हनीफ, दुर्गसिंह घोष, मोहसिन, राजेन्द्र श्रीवास्तव, सुधीर जैन, नरेन्द्र सिंह, गोबिंद विश्वकर्मा, शालिम, सत्तार बाबा, गंदर्भ सिंह, प्रमोद झा, राजेश यादव, सुधीर पटैरिया, मनोज सिंह, मनोज खरे, दीपक श्रीवास्तव, सत्तार खान जतारा, राहुल फणीन्द्र बड़ागांव सहित अनेक पत्रकारों के नाम शामिल हैं।

# जेल में कैदी की मौत परिजनों ने लगाये जेल प्रबंधन पर गंभीर आरोप

**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/स्थानीय जिला जेल पन्ना में सजा आपता कैदी बहादुर सिंह राजपूत पिता मिलन सिंह उम्र 58 वर्ष की दिनांक 23 जनवरी को मौत हो गई। जिसको लेकर जेल प्रबंधन द्वारा जिला चिकित्सालय जा कर चेकअप कराया गया। जहां पर उन्हे मृत घोषित किया गया। तत्पश्चात् पोस्ट मार्टम कराकर शव परिजनो को सौप दिया गया। उक्त संपूर्ण प्रकिया के दौरान क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट भी उपस्थित रहे। इस दौरान म्रतक के परिजनो ने जेल प्रबंधन पर गंभीर आरोप भी लगाये है, तथा कहा है कि बहादुर सिंह की मौत साधारण नहीं हुई है, उसको गला दबाकर मारा गया है, तथा विरोधी पार्टी से मिलकर यह सब किया गया है। पत्नी माया देवी राजपूत ने बताया कि एक दिन पहले हमारे पति का स्वास्थ ठीक था कोई बीमारी नहीं थी, तथा जमानत का आवेदन भी लगा हुआ था,



लेकिन अचानक कैसे उसकी मृत्यु हो गई यह जांच का विषय है, फिलहाल प्रशासन द्वारा मजिस्ट्रेटियल जांच के आदेश दिये गयें है।

# नगर के ऐतिहासिक धरम सागर तालाब की मूल संरचना से खिलवाड़ को लेकर नगर में आक्रोश, नगर वासियो ने सौंपा ज्ञापन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना शहर नगर पालिका परिषद पन्ना के बार्ड क्रमांक 13 मे लगभग तीन सौ वर्ष पुराने राजाशाही के समय निर्मित धरम सागर तालाब की पुरातन मेड बंधान को लगभग 15 फीट काट कर जल मे मिटटी डालने, उसमे अबैध उत्खनन करने, व तालाब के अस्तित्व को नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा समाप्त करने से नाराज नगर के नागरिकों के द्वारा आज दिनांक 23 जनवरी को कलेक्टर के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री तथा मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के नाम ज्ञापन सौंप कर बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा छत्रसाल की एक प्रतिमा को स्थापित करने के लिये धरम सागर तालाब की पुरातन मेड बंधान को लगभग 15 फीट काट कर जल मे मिटटी डालने, उसमे अबैध उत्खनन करने, व तालाब के भीतर एक नवीन संरचना को बनाने का कार्य किया जा रहा है। उपरोक्त तालाब का वर्ष 2016 मे नगर पन्ना के बच्चो, बृद्धो, युवाओ, महिला-पुरूषो के द्वारा दिये गये दान राशि, ( सैकडो बच्चो ने गुल्लक भी दान मे दी जिसे तालाब की मेड मे सभी के सामने तोडा गया व उन्ही बच्चो के सामने उनके नाम से उक्त दान राशि लिखी गई) इस तरह उक्त तालाब जो तीन सौ वर्ष पूर्व से निर्मित पेयजल आपूर्ती का धरम सागर तालाब से पुरातन समय मे पन्ना नगर के पुरातन कुओ को नहर द्वारा जोडा गया है। जिससे पन्ना नगर के उक्त कुओ मे इस तालाब का पानी आता है। जो कि पन्ना नगर की जनता को भीषण गर्मी मे पेयजल प्रदान करता है। तथा नगर पन्ना मे बने इन कुओ के माध्यम से पन्ना नगर मे भू जल स्तर बढता है। जिससे पन्ना नगर मे खुदने बाले नबीन बोरबले व कुओ मे भी हमेशा जल रहता है। जो कि पन्ना नगर की जनता को मिलने बाले पेयजल मे बाधा पहुचाने से नगर पालिका परिषद पन्ना म.प्र., दण्डनीय अपराध कर रहा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि करोडो रूपयो की राशि का भ्रष्टाचार करने के लिए इस प्रकार का षड्यत्र रचकर मूर्ती को तालाब के अन्दर लगाने की योजना बनाई गई है। संबंधितो पर स्थानीय लोगो ने कार्यवाही की मांग की है। तथा तत्काल उक्त कार्य बंद कराये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त ज्ञापन में पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, अधिवक्ता राजेश दीक्षित, स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, अंकित शर्मा, रेहान मोहम्मद, वैभव थापक, गोपाल मिश्रा, अंकित शर्मा, छोटू पटैरिया सहित नगर के एडवोकेट, गणमान्य नागरिक सहित भारी संख्या मे लोग उपस्थित रहें।



# ग्राम पंचायत जरगवां में व्यापक भ्रष्टाचार जेसीबी से कराया जा रहा कार्य, मजदूर कर रहे पलायन

पन्ना/पन्ना जिले की ग्राम पंचायतो में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, सरकार द्वारा मनरेगा योजना गांव मे ही लोगो को मजदूरी देने के लिए प्रारंभ की गई थी जिससे लोग मजदूरी के लिए बाहर महानगरो के लिए पलायन न करें। लेकिन उक्त मनरेगा योजना को पन्ना जिले में अधिकारीयों तथा कर्मचारीयो की एवं सरपंचो की मिली भगत से मनमानी योजना बना दी गई है, अधिकांश कार्य जेसीबी मशीनो के माध्यम से ही कराये जा रहे है, तथा अनेक कार्य तो कराये ही नहीं जाते, उनके नाम पर सिर्फ मजदूरी एवं मटेरियल के फर्जी बिल बाउचर लगाकर राशि आहरित कर ली जाती है। इसी प्रकार का मामला शाहनगर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत जरगंवा का प्रकाश मे आया है, जहां पर नवीन तालाब का निर्माण किया जा रहा है, उक्त निर्माण कार्य सरेआम मशीनो से किया जा रहा है, जबकी गांव के मजदूर काम करने के लिए बाहर पलायन कर रहें है। लेकिन सरपंच सचिव उपयंत्री के द्वारा मशीनो के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है, उक्त कार्य लगभग दस लाख रूपये की राशि से किया जा रहा है, जबकी लोगो ने बताया कि



बमुश्किल कुछ ही राशि खर्च की गई होगी शेष काम कागजो पर दर्शाकर राशि आहरित कर ली गई है। स्थानीय लोगो ने संबंधित मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# कन्या महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य श्रीमती डॉक्टर किरन खरे का दुःखद निधन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/कन्या महाविद्यालय पन्ना में अनेक वर्षो तक प्राध्यापक तथा



बाद मे प्राचार्य का दायित्व संभालने वाली डॉक्टर श्रीमती किरन खरे का दिनांक 23 जनवरी को दुःखद निधन हो गया है, इनका अंतिम संस्कार धरमसागर शमसान घाट मे किया गया। श्रीमती खरे सरल, सहज, मृदुभाषी तथा अपने कत्वर्य के प्रति हमेशा सहज रहती थी, उनका निधन पन्ना स्थित पोलीटेक्निक आवास परिषर मे हो गया। श्रीमती खरे उमाकांत श्रीवास्तव की पत्नी थी, उनके पुत्र उत्कर्ष कुमार श्रीवास्वत पोलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना मे प्राध्यापक के पद पर पदस्थ है, तथा उनके दो अन्य पुत्र संकल्प श्रीवास्वत तथा प्रणय श्रीवास्तव है। श्रीमती खरे के निधन पर शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षा विदो, नगर के गणमान्य नागरिको, पत्रकारो ने गहन दुःख व्यक्त किया है।

# भोलेनाथ जी मंदिर मे हवन, भंडारा संपन्न

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिला अस्पताल के पास विगत एक सप्ताह से चल रहीं संगीतमय



श्रीराम कथा का समापन संपन्न हुआ, भगवान श्री राम का राज्य तिलक होने के पश्चात् पंडित प्रभाशंकर जी महराज द्वारा विधि विधान से हवन पूजन, आहुती करवाई गई, तत्पश्चात् स्थानीय सहयोगीयो के माध्यम से भंडारा संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ो भक्तो द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। उक्त धार्मिक कार्यक्रम में अनेक लोगो द्वारा सहयोग किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर प्रदीप द्विवेदी, डॉक्टर एस के त्रिपाठी, डॉक्टर वर्मा, प्रेम चन्द्र केशरवानी, राजेश पान्डेय, राकेश शुक्ला उर्फ भईया, तथा अन्य आस पास के सभी व्यापारीयो, कर्मचारीयो, एवं गणमान्य नागरिको ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# जेके सीमेंट द्वारा ग्राम पुरैना में एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का किया गया सफल आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जेके सीमेंट प्लांट द्वारा ग्राम पुरैना में एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों को उनके पशुओं की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान और निशुल्क दवाईयों की सुविधा प्रदान करना था। यह शिविर जे.के. सीमेंट के यूनिट हेड कपिल अग्रवाल और एचआर हेड अवनीश कुमार गौतम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उक्त कैंप में मुख्य अतिथि पुरैना सरपंच श्रीमति रानी लाल गौतम रही साथ ही सीएसआर हेड मनीष कुमार शर्मा, श्रीमति साधना गुप्ता, ब्रजेश चतुर्वेदी उपस्थित रहे। पशु चिकित्सक डॉक्टर आशीष सिंह और उनकी टीम इस दौरान दो सैकड़ा से अधिक पशुओ का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर आशीष सिंह ने पशुओं के स्वास्थ्य प्रबंधन और देखभाल के लिए उपयोगी सुझाव भी दिए, जिससे पशुपालकों को भविष्य में पशुओं की बेहतर देखभाल करने में मदद मिलेगी। यह शिविर ग्रामीण क्षेत्र में पशुधन स्वास्थ्य सेवाओं की अत्यधिक आवश्यकता को पूरा करता है और जे.के. सीमेंट द्वारा सामाजिक सेवा उत्तरदायित्व के प्रति समर्पण को प्रदर्शित करता है।

# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

पन्ना/श्री राम शिक्षा प्रचार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय एवं स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान पन्ना में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का भव्य आयोजन किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष में भाषण प्रतियोगिता के आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता निभाई गई। नेताजी के प्रसिद्ध नारे जय हिंद के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तुम मुझे खून दो में तुम्हें आजादी दूंगा के नारों से समस्त प्रांगण गूंज उठा, कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि हिमांशु मिश्रा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री द्वारा बताया गया कि आज 23 जनवरी को देश नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयंती मना रहा है। मां भारती के वीर सपूत, महान देशभक्त, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है। उडीशा के कटक में जन्मे आजादी की लड़ाई के दौरान नेताजी ने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जय हिन्द, दिल्ली चलो जैसे नारों से लोगों में देशभक्ति की भावना को उजागर किया और स्वतंत्रता आंदोलन में कूदने की अलख जगाई। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। आज का दिन इस करिश्माई नेता, प्रेरक व्यक्तित्व और महान योद्धा को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित करने का है जिन्होंने आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। छात्र-छात्राओं के भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोहित कुमार, द्वितीय स्थान आकांक्षा कोरी एवं तृतीय स्थान सुदामा पटेल को प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा तीनों प्रतिभागियों को मेडल से सम्मानित किया गया। स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने सुभाष चंद्र बोस जयंती में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

# संस्कार से ही बच्चे महान बनते हैं - श्रमणोंपाध्याय मुनि विरंजन सागर जी महाराज





राजकुमार दुबे

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह – बच्चे जिस स्कूल में आते हैं वह स्कूल स्कूल नहीं वह ज्ञान का एक मंदिर है। ज्ञान के मंदिर में हम ज्ञान को ग्रहण करने के लिए आते हैं। बच्चे गीली मिट्टी की तरह होते हैं। जिस प्रकार मिट्टी से कुम्हार चाहे तो राम की प्रतिमा बना सकता है, कृष्ण की प्रतिमा बन सकता है। कुम्हार चाहे तो इस मिट्टी के कंस और रावण की प्रतिमा भी बना सकता है। शिक्षक चाहे तो बच्चों को अच्छे संस्कार देकर के राम भी बना सकते हैं। महावीर भी बन सकते हैं। शिक्षक चाहे तो बच्चे को रावण और कंस भी बना सकते हैं। कुसंस्कार कंस की ओर ले जाता है। सुसंस्कार राम की ओर ले जाने वाले हैं। इसलिए बच्चों को अच्छी संगति करना चाहिए। अच्छे लोगों के साथ उठना बैठना चाहिए। बच्चों को तीन चीजों का ध्यान देना चाहिए। अच्छा खाना, अच्छा पहनना और अच्छा बोलना इन तीन चीजों से व्यक्ति का व्यक्तित्व बनता है। अपने से बड़ों के लिए जी और श्री लगा करके बात करना।



सम्मान से बात करने से बच्चों का व्यक्तित्व बनता है। मुनि श्री ने बच्चों के लिए संबोधन करते हुए कहा है एक संस्कार पाषाण को भगवान बना देता है। एक बारिश की बूंद जब नीम की पत्ती पर गिरती है तो वह कड़वी हो जाती है। वही बूंद जब गन्ने पर गिरती है तो मीठी हो जाती है। इसी प्रकार बच्चे अच्छे संस्कार में जाते हैं तो महान बनते हैं। कुसंस्कार में जाते हैं तो उनका जीवन गलत की और चला जाता है। इसलिए आज सभी बच्चों को अच्छे से संस्कार को लेना चाहिए। मुनि श्री ने शिक्षकों के लिए भी यही कहा कि हमें अपने बच्चों के लिए संस्कार और संस्कृति का संवर्धन करना चाहिए और उस पर प्रकाश डालना चाहिए कि हम अपने बच्चों को अपनी संस्कृति के बारे में बताएं कि हमारी भारतीय संस्कृति क्या थी क्या है और हमारे भारतीय संस्कार क्या रहे हैं। पाश्चात्य संस्कृति का नहीं, पूर्व की संस्कृति का भारत रहा है। उसके बारे में बच्चों को संस्कार देना ऐसा मुनि श्री ने कहा। परम पूज्य उपाध्याय श्री ने आचार्य सौभाग्य सागर स्कूल में पहुंचकर यहां पर पढ़ने वाले बच्चों के लिए प्रवचनों के माध्यम से संस्कार पूर्ण बातें कहीं। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों के साथ स्कूली शिक्षकों की मौजूदगी रही।

# विधि के समक्ष सब समान है- जिला न्यायाधीश जितेन्द्र नारायण सिंह

## शासकीय महात्मा ज्योतिबा फुले सी.एम.राईज विद्यालय दमोह एवं आंगनबाड़ी केन्द्र 19 में विधिक जागरुकता शिविर सम्पन्न

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह – 23 जनवरी। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट के मार्गदर्शन में शासकीय महात्मा ज्योतिबा फुले सी.एम.राईज विद्यालय दमोह एवं आंगनबाड़ी केन्द्र 19 में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में चतुर्थ जिला न्यायधीश जितेन्द्र नारायण सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, शिक्षकगण एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित थी।

चतुर्थ जिला न्यायधीश जितेन्द्र नारायण सिंह ने छात्र/छात्राओं को संविधान में उल्लेखित मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुये विधि के समक्ष समता एवं विधि का समान संरक्षण, लिंग भेद, जातिगत भेद, शिक्षा का अधिकार एवं अन्य स्वतंत्रता के संबंध में बताया। उन्होंने कहा सभी वर्ग के व्यक्ति विधि के समक्ष समान होते है जैसे एक निर्धन व्यक्ति एवं एक सम्पन्न व्यक्ति दोनों के द्वारा कोई अपराध किया जाता है तो विधि में दोनों वर्गो के व्यक्तियों के प्रकरण में न्यायालय द्वारा एक समान दण्ड से दंडित किया जाता है। इसी प्रकार बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के लिए विशेष कानूनी पॉक्सो के अंतर्गत कार्यवाही की जाकर अपराधियों को दंडित किए जाने के विषय पर भी जानकारी दी गई।

जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने उपस्थित छात्र/छात्राओं को मोटरयान अधिनियम, नालसा हेल्पलाईन 15100, म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना एवं नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाईल और इंटरनेट का प्रयोग करते समय सचेत व सतर्क रहकर इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों से दूर रहने के संबंध में बताया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यालय द्वारा विगत पूर्व माह में दिव्यांगों के अधिकार विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं को शील्ड व प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

इसी तारतम्य में आंगनबाड़ी केन्द्र क्र. 19 राजीव पांडे बिल्डिंग के पीछे, तुलसी वार्ड क्र. 09 दमोह में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है उक्त शिविर में व्यवहार न्यायाधीश दमोह प्रिया राठी द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों, महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रावधानों, पीड़ित प्रतिकर योजना, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं योजना 2024 एवं मानसिक रूप से बीमार एवं अस्वस्थ व्यक्तियों को विधिक सेवायें योजना 2024 एवं 15100 नि:शुल्क विधिक सहायता हेल्पलाईन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

# समिति की अनुशंसा अनुसार सुधार कार्य तत्काल कराये जायें-कलेक्टर श्री कोचर

## -जहां वृक्षों की छटाई की आवश्यकता प्रतीत हो अनुमति लिये जाने की कार्यवाही नियमानुसार की जाये
## -कार्य 15 दिवस की समयावधि में कराते हुये पालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाये

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 23 जनवरी। सांसद श्री राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति के सभी संबंधित अधिकारियों से कहा है संबंधित रोड एजेसिंयों द्वारा संयुक्त रूप से जबलपुर रोड वाया सिंग्रामपुर एवं तेंदूखेड़ा मार्ग का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मार्ग पर कमियां प्रकाश में आई है जिनका सुधार कार्य संबंधित रोड ऐजेंसी के माध्यम से कराने हेतु समिति द्वारा अनुशंसा की गई है। इसे तय समय सीमा में पूर्ण कराया जायें।

कलेक्टर श्री कोचर ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर एन.एच.ए.आई. जबलपुर/सागर, महाप्रबंधक मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण जबलपुर/ सागर एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग दमोह से कहा परिवहन, यातायात, लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित रोड एजेसिंयों द्वारा संयुक्त निरीक्षण प्रतिवेदन अनुसार मार्गो के संबंध में जो ब्लेक स्पॉट है, उन स्थलों पर समिति की अनुशंसा अनुसार सुधार कार्य तत्काल कराये जाये। उक्त कार्य के दौरान जहां वृक्षों की छटाई की आवश्यकता प्रतीत हो, इस हेतु अनुमति लिए जाने की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा निरीक्षण प्रतिवेदन अनुसार समिति की अनुशंसा अनुसार कार्य 15 दिवस की समयावधि में कराते हुए पालन प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

*मारूताल वाई पास से गुबरा कला तक ( जबलपुर मार्ग )*

हथनी तिराहा पर अंधेरा होने से दुर्घटना की संभावना पर तिराहा का संकेत, सोलर लाईट, स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड एवं रम्बल स्टोप दोनो साईड, हथिनी यादव ढाबा पर मोड़ होने से दाया मोड़, बाया मोड़, दुर्घटना प्रभावित क्षेत्र के साईन बोर्ड एवं तिराहा के साईन बोर्ड, अभाना में मेन रोड होने से समस्या के कारण अतिक्रमण हटाया जाना, अभाना तिराहा पर तिराहा का साईन बोर्ड, स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड, स्टोप बोर्ड एवं रम्बर स्टोप के संकेतक लगाये जाये इसी प्रकार अभाना से बांदकपुर मार्ग पर ब्लाईन्ड स्पॉट होने से स्पीड ब्रेकर बोर्ड, व्यारमा पुल नोहटा पर मोड़ होने से बाया मोड़ एवं दाया मोड़, कलेहरा 08 किमी के मील का माईल स्टोन पर मोड़ होने से दाया मोड़ एवं बाया मोड़, 17 मील चौराहा पर चौराहे का साईन बोर्ड, 17 मील के आगे किंग ढावा के पास बाया मोड़, यादव ढाबा जिलहरी पर सर्प मोड़ होने से स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड, साईड का भरा जाना एवं मोड़ के पेड़ों की छटाई, शहरा तिराहा पर पेड़ों की छटाई होने से लगे साईन बोर्ड की दृष्टयता हेतु पेड़ों की छटाई, शहरा तिराहे के आगे मोड़ होने से बाया मोड़ एवं दाया मोड़ के संकेतक लागये जाये।

जबेरा 07 किमी माईल स्टोन के पास पेड़ों की छटाई होने से लगे साईन बोर्ड की दृष्यता हेतु रोड के दोनों तरफ वृक्षों की छटाई, विदाली घाटी पर ब्लाक स्पॉट होने से साईड सोल्डर का भरा जाना, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का साईन बोर्ड, दाया मोड़, बाया मोड़, पहाड़ी का साईन बोर्ड एवं 30 स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड, वंशीपुर तिराहा पर ब्लाईन्ड स्पॉट होने से अंधा मोड़ का साईन बोर्ड, पेड़ों की छटाई एवं साईड सोल्डर का भरा जाना, मछली मार्केट जबेरा के पास साईड सोल्डर भरा जाना, दाया मोड़ एवं बाया मोड़, सतधटिया सिंग्रामपुर जंगल के अंदर ब्लैक स्पॉट होने से दाया मोड़, बाया मोड़, स्पीड लिमिट साईन बोर्ड, साईड सोल्डर का भरा जाना एवं दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का साईन बोर्ड लागये जाये। फल्को नाला पर ब्लैक स्पॉट होने से दाया मोड़, बाया मोड़, स्पीड लिमिट साईन बोर्ड, साईड सोल्डर का भरा जाना दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का साईन बोर्ड, सोल्डर पर कैट आईज, रम्बल स्ट्रिप की दृष्यता हेतु सोलर स्ट्रड, नोहटा रेस्ट हाउस 21-00 पर ब्लैक स्टोप के साईन बोर्ड, स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड, लाईट रिपयेरिंग नोहटा पुल, शिवमंदिर नोहटा पर स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड एवं रम्बल स्टोप दोनो तरफ आदि के संकेतक लगाये जाये।

*27 मील से अभाना तिराह तक*

27 मील चौराहा पर अंधेरा एवं दुर्घटना बहुल्य क्षेत्र होने से स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड, कैट आईज, रम्बल स्ट्रिप, चौराहा का साईन बोर्ड एवं कृपया धीरे चले का साईन बोर्ड, बम्होरी तिगड्डा पर दुर्घटना की संभावना होने से रेम्बल स्ट्रिप एवं 30 स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड, 31/10 माईल स्टोन पर मोड़ होने से दाया मोड़ एवं बाया मोड़ एवं 30 स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड, 30/4 माईल स्टोन पर अंधेरा एवं मोड़ पर दुर्घटना की संभावना होने से क्रास वैरियर पर रिफ्लेक्टर लगाया जाना, सागा पर एक्सीडेन्ट होने की संभावना होने से आवारा पशुओं का जमावड़ा एवं 30 स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड, नागा मंदिर रेहली रोड पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र होने से दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का साईन बोर्ड, दाया मोड़ बाया मोड़, सेवेरन वोर्ड एवं 30 स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड लगाये जाये। सम्पूर्ण सड़क मार्ग पर गति सीमा के साईन बोर्ड लगाये जाने की अनुशंसा एवं बम्होरी तिराहा से रहली रोड पर सड़क से सटे पेड़ों पर रिफलेक्टर एवं सम्पूर्ण मार्ग पर स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड लगाये जाने की अनुशंसा की गई है। दमोह से जबेरा सिंग्रामपुर रोड पर स्पीड लिमिट के बोर्ड लगाया जाना एवं सड़क मरम्मत कार्य किये जाने की अनुशंसा एवं दमोह से जबेरा सिंग्रामपुर रोड पर रोड मार्किंग कराने की अनुशंसा की गई है।

# सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मुख्यालय पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनाई गई ऐतिहासिक मानव श्रृंखला

**-समस्त अधिकारियों एवं छात्र छात्राओं को दिलाई गई सड़क सुरक्षा शपथ**
**-अधिक से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करना ही सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य**
**-वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें पालन- जिलाधिकारी**
**-यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं से बचें**

आलोक तिवारी




परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट के सामने बनाई गई विशाल सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला' तथा उपस्थित सभी लोगों को दिलाई गई सड़क सुरक्षा शपथ। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही, वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रथम राजेश राजपूत, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी सहित अन्य अधिकारीगणों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयन्ती पर विशाल मानव श्रृंखला बनाई एवं पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य, पंचायत, नगर निगम, राजस्व, शिक्षा, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, सिविल डिफेंस, होमगार्डस, एनजीओ, स्वयं सेवी संस्थाओं, स्कूल एवं कॉलेजों के छात्र-छात्राओं आदि के साथ सड़क सुरक्षा की शपथ ली।

इस अवसर पर आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किए जाने हेतु कलेक्ट्रेट गेट से बांयी ओर टैंक चौराहा तथा कलेक्ट्रेट गेट से दांयी ओर तहसील तक ऐतिहासिक वृहद 'सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला' बनाई गई। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार पर किया गया। मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के ऐतिहासिक जनसैलाब को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जिलाधिकारी ने ''सड़क सुरक्षा शपथ'' दिलाई।

श्री सिंह ने मानव श्रृंखला का अवलोकन करते हुए मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। जागरूकता से सडक दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा माह के तहत आज एक विशेष कार्यक्रम ''सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला'' का आयोजन किया गया है, जिसमें यह प्रयास किया गया है कि अधिक से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनायी गई है। उन्होने कहा कि यह बहुत हर्ष की बात है कि इसमें जनपद के लोगों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया है।

जिलाधिकारी ने शपथ दिलाई जिसमें कहा कि प्रतिज्ञा करते हैं कि हम सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करेंगे तथा सुरक्षित यात्रा हेतु सदैव -
* दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को बी.आई.एस मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनेंगे व पहनायेंगे।
* चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगायेंगे।
* लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करेंगे।
* तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलायेंगे ।
* गलत दिशा में वाहन नहीं चलायेंगे।
* वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करेंगे।
* शराब पीकर या नशें की हालत में वाहन नहीं चलाएंगे।
* सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहेंगे।
* घर पर बच्चे इंतजार कर रहे है, अतः मै सदैव सुरक्षित व सावधानी से वाहन चलाऊँगा।

# केएमयू ने पराक्रम दिवस के रूप में मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती

## -नेताजी का जीवन युवा भारत के लिए प्रेरणास्रोत- किशन चौधरी
## -नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर केएमयू में गूंजें जय हिन्द के नारे

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा सुभाषचंद्र बोस का हिंदुस्तान को आजाद कराने में अहम योगदान रहा है, उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा नारा देकर पूरे भारतवर्ष को एक सूत्र में बांधने का महत्वपूर्ण कार्य किया, उनके संघर्ष व जुनून का ही प्रतिफल है आजादी। नेताजी का सम्पूर्ण जीवन भारत के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। यह बात नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर केएम विवि में आयोजित कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कही।

केएम विश्वविद्यालय में आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डा. एनसी प्रजापति, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, एडविशन डायरेक्टर प्रमोद कुंतल ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान विवि के छात्रों ने जय हिन्द के नारे लगाए।

विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा (अब ओडिशा) के कटक में एक संपन्न बांग्ला परिवार में जन्मे नेताजी बोस अपने देश के लिए हर हाल में आजादी चाहते थे, उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के नाम कर दिया और अंतिम सांस तक देश की आजादी के लिए संघर्ष करते रहे। 'जय हिंद' नारा हिन्दुत्व समाज को एकजुट होने के लिए दिया तथा कलेक्टर की नौकरी को भारत माता का संकल्प के लिए छोड़ दिया था, यही कारण




है कि आजादी के संघर्ष के दौरान उन्होंने अनेक याताएं झेलीं।

रजिस्ट्रार डॉ पूरन सिंह ने कहा कि शिक्षकों को चाहिए कि आने वाली पीढ़ियों को बोस के संघर्ष की कहानी बताएं ताकि उनके अंदर मातृभूमि के प्रति चेतना व जागृति आए।

इस अवसर पर विवि के सब रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, एडीशनल मेडीकल सुप्रिटेंडेंट डा. आरपी गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे सहित विवि के समस्त संकायों के डीन, विवि के शिक्षकगण, एमबीबीएस छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विवि के डीन डॉ धर्मराज सिंह ने किया।

# उदयपुर आश्रम में दो दिवसीय स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



तुलसीदास सोनी

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। सोशल एजुकेशनल एववेलफेयर सोसाइटी के द्वारा उदयपुर आश्रम पर दो दिवसीय स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कराया गया जिसमें खाध उत्पादों पर आधारित उधोग, गोवंश आधारित पांचगव्य उत्पादों, हर्बल



उत्पादों एवं जैव उर्वक, कीटनाशक पर आधारित उधोग ( पहले दिन सभी की हर्बल ट्रेनिंग की गई जिसमे 275 लोगो को प्रशिक्षण दिया गया, दूसरे दिन लगभग 100 लोगो को हर्बल साबुन, फ्लोर क्लीनिंग फिनोल, आवले के लड्डू, इमली का चूरन, आंवला का जूस बनाना सिखाया) अभी यह महिला समूह अपने तरीके से शान द्वारा प्रदत अनुदान के तहत अपने बैंक लिंकेज कराकर मंजूर कराकर स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं, संस्था ने प्रशिक्षण में लगातार सहयोग भी करती रहेगी इस प्रशिक्षण में राजनगर क्षेत्र के बेरोजगार युवक एवं महिलाओं ने बढ़कर हिस्सा लिया। पहले दिन कार्यक्रम में राजनगर क्षेत्रीय विधायक विधायक अरविंद पटेरिया पहुंचे और लोगों को संबोधित किया वहीं एम गिरी संस्थान से उद्धव नेरकर सदस्य महाराष्ट्र गो सेवा आयोडॉ विनोद वनकर, डॉ अपराजिता वर्धन, डॉ जयकिशोर छांगड़डॉ शीतल शर्मा श्री स्वानंद कलम्बे संस्था के अध्यक्ष हरगोविंद पांडे सीएचओ रितिका ठाकुर इत्यादि उपस्थिति रहे।

# नशेड़ी वाहन चालकों पर शिकंजा कसने ब्रेथ एनालाइजर से हो रही है चेकिंग, चार के विरुद्ध कार्रवाई

छतरपुर। पुलिस द्वारा संदिग्धों पर निगरानी, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, दुर्घटना से बचाव हेतु नशे में वाहन चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से निरंतर चेकिंग की



जा रही है। आज रात्रि छतरपुर जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न चेकिंग प्वाइंटों में सघन वाहन चेकिंग की गई।

थाना महाराजपुर, थाना हरपालपुर, थाना नौगाँव, थाना गढ़ी मलहरा में चेकिंग में 4 वाहन चालक नशे में वाहन चलाना पाए गए, ब्रेथ एनालाइजर से अल्कोहल की पुष्टि हुई थी। चारों वाहन को जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन न्यायालय प्रस्तुत किया जा रहा है। थाना यातायात पुलिस शासन द्वारा निर्धारित मानकों के विपरीत ध्वनि प्रदूषण एवं ध्यान भंग करने वाले साइलेंसर वाली 9 रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर 18 हजार रुपए समन शुल्क वसूले गए, मैकेनिकल विशेषज्ञ द्वारा साइलेंसर हटाए गए। चार पहिया वाहन में अपारदर्शी ब्लैक फिल्म लगी हुई 3 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 1500 रूपए का सम्मन शुल्क वसूला गया, फिल्म हटाई गई साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई।

# बुलेरो वाहन से चार लाख की शराब जप्त, आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है।

आज प्रातः भ्रमण के दौरान थाना बिजावर पुलिस को अवैध शराब तस्करी संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम बिजावर किशनगढ़ मार्ग जटाशंकर तिगड्डे के पास पहुंची। मातगुवां तरफ से आ रहे बोलेरो वाहन को संदेह के आधार पर रोक कर चेक किया गया। बोलेरो के अंदर 450 क्वार्टर 9 पेटी अवैध शराब पाई गई, मात्रा करीब 81 लीटर कीमत करीब 43 हजार रूपए एवं बोलेरो सहित कुल कीमत करीब 4 लाख रुपए जप्त कर अवैध शराब तस्करी कर रहे आरोपी सुदामा राजपूत पिता बिहारी राजपूत निवासी बेरखेरी थाना बिजावर को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना बिजावर में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया, अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया, विवेचना कार्यवाही जारी है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजावर उप निरीक्षक कमलजीत सिंह, सहायक उपनिरीक्षक किशन लाल बेन, सहायक उप निरीक्षक मुकुंदी लाल अहिरवार, प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक जुगल किशोर, प्रधान आरक्षक बलदेव सिंह, आरक्षक अमित सिंह, अनिल यादव, अरुण सिंह, अजय मिश्रा की भूमिका रही।

# बुंदेलखंड में फिल्म शूटिंग का जो वादा किया वो निभाया - इशितयाक खान

## हमारे क्षेत्र की प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं, इन्हें सही मंच मिले तो ये भी बड़ी ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं - आकाश सिंह राजपूत






परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल। बुंदेलखंड में फिल्म शूटिंग के वादे को पूरा करते हुए निर्देशक और अभिनेता इशितयाक खान ने अपनी नई यूट्यूब सीरीज की शूटिंग सागर में पूरी कर ली है। यह सीरीज कृपया ध्यान दें प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनाई गई है। पिछले वर्ष इशितयाक खान और आकाश सिंह राजपूत ने एक प्रेस वार्ता में यह घोषणा की थी कि वे बुंदेलखंड में फिल्म या सीरीज बनाएंगे। इसी वादे को निभाते हुए निर्देशक और अभिनेता इशितयाक खान ने सागर में शूटिंग की और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया।

इस सीरीज को लेकर गुरूवार को सागर के होटल रॉयल पैलेस में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कृपया ध्यान दें एक क्राइम सीरीज है। जिसमें अलग-अलग 10 कहानी हैं। इस सीरीज में मयंक विश्वकर्मा, राम, राघवेंद्र, शुभम शरण, अश्विनी सागर, कपिल नाहर समेत बुंदेलखंड के पन्ना, छतरपुर, दमोह, सागर, टीकमगढ़ से करीब 100 से ज्यादा कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई है। स्क्रीनप्ले सिद्धार्थ रत्नम का है। यह पूरी तरह से सागर और बुंदेलखंड के कलाकारों के साथ बनाई गई है, जो क्षेत्रीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। पूरी शूटिंग सागर की खूबसूरत लोकेशनों पर हुई है। आकाश सिंह राजपूत ने इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने फिल्म निर्माण के लिए आवश्यक संसाधन और लोकेशन उपलब्ध कराए। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आकाश सिंह राजपूत ने कहा कि एक हीरा आपके बुंदेलखंड के पन्ना से आया है, जिनका कद भले ही छोटा है, लेकिन इनका किरदार काफी बड़ा है। मैं अभिनेता और निर्देशक इशितयाक खान की बात कर रहा हूं, जिन्होंने बॉलीवुड में कई बड़े कलाकारों के साथ फिल्मों में काम किया है। पहले बुंदेलखंड के कलाकारों को अच्छा मंच नहीं मिलता था लेकिन अब इशितयाक खान ने यहां के कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए मंच तैयार कर दिया है। हमारे क्षेत्र की प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं। अगर इन्हें सही मंच और अवसर मिले तो ये भी बड़ी ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं।

***बुंदेलखंड के कलाकारों ने भाषा के साथ किरदार को भी जीवंत किया***

मध्यप्रदेश में पहले भी कई फिल्मों और सीरीज की शूटिंग हो चुकी है। अब सागर में भी नई लोकेशनों के कारण फिल्म निर्माताओं का ध्यान आकर्षित हो रहा है। इशितयाक खान ने कहा कि मैं यहां आकाश सिंह राजपूत के कारण आया हूं, जिन्होंने अपने वादे को निभाते हुए शूटिंग के लिए पूरी मदद की। इस सीरीज को बनाने का उद्देश्य न केवल बुंदेलखंड की सुंदरता को दर्शाना है, बल्कि क्षेत्रीय कलाकारों को मुख्यधारा में लाना भी है। कम बजट में तैयार की गई इस वेब सीरीज को बुंदेली भाषा में ही तैयार किया गया है। ताकि मुंबई तक इस भाषा को पहचान मिल सके। हालांकि कई नाटक व फिल्में ऐसी भी हैं, जिनमें बुंदेलखंड के कलाकारों ने बुंदेली भाषा के साथ किरदार को भी जीवंत कर दिया। निर्देशक का मानना है कि इस प्रयास से सागर और आसपास के क्षेत्र में फिल्म इंडस्ट्री का विकास होगा और कलाकारों को काम के बेहतर अवसर मिलेंगे। बुंदेलखंड में यह पहल क्षेत्रीय सिनेमा और स्थानीय प्रतिभाओं के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

# मधुमक्खियों के हमले से किसान घायल, उपचार जारी

छतरपुर। बुधवार की देर रात जिला अस्पताल से एक मामला सामने आया है जिसमें राजनगर थाना क्षेत्र के एक 35 वर्षीय किसान को खेत मे काम समय मधुमक्खियों ने काट लिया उसे इलाज के लिए गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।



जानकारी के अनुसार रमेश पिता बब्लू अनुरागी उम्र 35 साल निवासी नहदौरा का रहने वाला है। खेती का काम करता है। बुधवार की शाम खेत में काम कर रहा था तभी पास में लगे पेड़ को बंदरों ने हिलाया जिसके बाद मधुमक्खियां उड़ने लगीं और रमेश के शरीर में लिपट गई। 1 घंटे तक मक्खियां उसके शरीर में लिपटी रही। कोई भी उनको नहीं बचा सका। 1 घंटे बाद मधुमक्खियां भागने पर उनको बाइक से इलाज के लिए राजनगर अस्पताल ले गए प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया है। उनकी हालत गंभीर है जिला अस्पताल में इलाज जारी है। डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि रात में एक व्यक्ति को राजनगर अस्पताल से छतरपुर रेफर किया है परिजनों ने उसको मधुमक्खियां काटना बताया है इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# जिला अस्पताल के जर्जर भवन की छत का एक हिस्सा गिरा, महिला घायल

छतरपुर। जिला अस्पताल के एक जर्जर भवन के छत का हिस्सा टूट गया जिससे वहां मौजूद एक महिला को मामूली चोटें आयी हैं। हालांकि वहीं पर खेल रहा मासूम बच्चा बाल-बाल बच गया। स्वास्थ्य विभाग ऐसे ही जर्जर भवन में नसबंदी कर रहा है।



जिला अस्पताल के पुराने भवन में महिलाओं की नसबंदी करने के शिविर चल रहे हैं। शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में ऑपरेशन किए जाने के दौरान जर्जर भवन के एक हिस्से की अचानक छत गिर गयी। इस घटना में रामकुमारी नाम की महिला को मामूली चोटें आयी हैं। हालांकि अचानक छत के गिरने से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। मगर कुछ देर में स्थिति सामान्य हो गयी। गनीमत रही कि छत गिरने से बड़ा हादसा नहीं हो सका।

# हिन्दूओं के रोम रोम में बसे है बालासाहेब ठाकरे - सी.के शर्मा

## -बाला साहेब ठाकरे उस समय नहीं होते तो राम मंदिर आज नहीं बनता - मुन्ना तिवारी

## -बाला साहेब की जयंती पर किया पुलिस अधिकारियों का सम्मान

छतरपुर - हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवसेना द्वारा बालासाहेब ठाकरे जी की जयंती स्थानीय जटाशंकर पैलेस में बालासाहेब ठाकरे स्मृति सम्मान समारोह आयोजित किया गया शिवसेना अध्यक्ष मुन्ना तिवारी ने बताया है शिवसेना द्वारा विगत 13 वर्षो से बालासाहेब ठाकरे जी की जयंती पर बालासाहेब स्मृति सम्मान समारोह किया जाता है इस बार भी गणमान्य नागरिको एवं शिवसेना पदाधिकारियों के द्वारा पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सी.के शर्मा जी प्राचार्य महर्षि विद्या मंदिर ,विशिष्ट अतिथि के रूप आलोक टिकरया जी,भगवतशरण अग्रवाल जी, जयनारायण अग्रवाल जी, वरिष्ट पत्रकार हरि अग्रवाल जी. जय कुमार जैन जी, लालू लालवानी जी, मंच पर उपस्थित रहे मंच का संचालन सौरभ तिवारी के द्वारा किया गया,स्वागत भाषण युवा सेना जिला अध्यक्ष नीतेश तिवारी द्वारा दिया गया तो वही आभार कृष्ण बिहारी गुप्ता ने दिया कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन सभी अतिथियों द्वारा किया गया साथ ही भगवान राम जी,शिवाजी महाराज एवं बालासाहेब ठाकरे जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया मुख्य अतिथि सी.के शर्मा जी द्वारा कहा गया कि पूरा देश बालासाहेब के योगदान को कभी नहीं भूल सकता है आज अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर निर्माण में जो योगदान बालासाहेब का है उसे कोई नही भूल सकता है आज हिन्दुओ के रोम रोम में बालासाहेब बसे हुए है वही अलोक टिकरया ने कहा है कि बालासाहेब का बखान शब्दों में नहीं किया जा सकता है उन्होंने हिन्दुओ के लिए जो किया है उसका कर्ज कोई नहीं चूका सकता जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी ने कहा है कि यदि उस समय बालासाहेब नहीं होते तो आज राम मंदिर का भव्य निर्माण संभव नहीं था उनका योगदान कभी नहीं भुला जा सकता है। उनके बताये रास्तो एवं सिद्धांतो पर चलकर आज छतरपुर शिवसेना ने हमेशा धार्मिक सामाजिक मुद्दों को लेकर काम किया है और करती रहेगी। सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में एवं न्याय कानून व्यवस्था और आम जनता की सुरक्षा को लेकर नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा जी,कोतवाली थाना प्रभारी अरविन्द कुजूर जी,यतायात थाना प्रभारी ब्रहस्पति साकेत जी,सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मिक चौबे जी,एवं ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव जी को शिवसेना द्वारा बालासाहेब ठाकरे स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया साथ ही मंच पर उपस्थित सभी अतिथियो का शाल श्रीफल पहनाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम जिला उपाध्यक्ष सुनील दुबे जी,अजय साहू जी,टेक्सपी यूनियन के अध्यक्ष रमेश कुशवाहा परशुराम तिवारी जी,अंकुर नामदेव जी,गौरीशंकर तिवारी सहित सैकड़ों शिवसैनिक उपस्थित रहे।





मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321